**भारत सरकार**
**ग्रामीण विकास मंत्रालय**
**ग्रामीण विकास विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 294**
**(04 फरवरी, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए)**

## मनरेगा से श्रमिकों को हटाया जाना

**294. श्री सु. वेंकटेशन:**

क्या **ग्रामीण विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) पंजीकरण से कितने श्रमिकों के नाम हटाए गए और इसका राज्यवार ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस प्रकार से हटाए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(श्री कमलेश पासवान)**

(क): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) एक मांग आधारित मजदूरी रोजगार योजना है और इस योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों की है। जॉब कार्डों को अद्यतन करना/निरस्त करना राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किया जाने वाला एक नियमित कार्य है। हालांकि , श्रमिकों को हटाने/जॉब कार्डों को निरस्त करने के दौरान , राज्यों/संघ संघ राज्य क्षेत्रों को इस अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना होता है और यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी योग्य या पात्र परिवार का जॉब कार्ड निरस्त/रद्द न किया जाए। वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा से निरस्त/रद्द किए गए सक्रिय श्रमिकों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान कुल 86,17,887 और 68,86,532 कार्यरत श्रमिकों को क्रमशः फर्जी/जाली/गलत जॉब कार्ड , परिवार का ग्राम पंचायत से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो जाने , गांव के शहर के रूप में वर्गीकृत हो जाने आदि कारणों से निरस्त/रद्द कर दिया गया है।

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 04.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 294 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना से निरस्त/रद्द किए गए कार्यरत श्रमिकों की संख्या का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2022-2023 | 2023-2024 |
| | | कार्यरत श्रमिक | कार्यरत श्रमिक |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 11 | 17 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 485757 | 360840 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 8315 | 17008 |
| 4 | असम | 166823 | 315937 |
| 5 | बिहार | 1403802 | 237655 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 274534 | 595205 |
| 7 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 0 | 2 |
| 8 | गोवा | 4 | 6 |
| 9 | गुजरात | 201611 | 258451 |
| 10 | हरियाणा | 10016 | 7089 |
| 11 | हिमाचल प्रदेश | 25399 | 41045 |
| 12 | जम्मू और कश्मीर | 44227 | 108263 |
| 13 | झारखंड | 344051 | 242883 |
| 14 | कर्नाटक | 376577 | 225536 |
| 15 | केरल | 14863 | 51335 |
| 16 | लद्दाख | 3243 | 1488 |
| 17 | लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| 18 | मध्य प्रदेश | 790419 | 1627427 |
| 19 | महाराष्ट्र | 195146 | 102843 |
| 20 | मणिपुर | 16740 | 33268 |
| 21 | मेघालय | 9675 | 60233 |
| 22 | मिजोरम | 5587 | 8802 |
| 23 | नागालैंड | 8802 | 13507 |
| 24 | ओडिशा | 694696 | 436230 |
| 25 | पुदुचेरी | 309 | 325 |
| 26 | पंजाब | 107228 | 33404 |
| 27 | राजस्थान | 352408 | 727700 |
| 28 | सिक्किम | 1067 | 2195 |
| 29 | तमिलनाडु | 233543 | 270860 |
| 30 | तेलंगाना | 415200 | 121422 |
| 31 | त्रिपुरा | 15820 | 49765 |
| 32 | उत्तर प्रदेश | 1448978 | 806253 |
| 33 | उत्तराखंड | 22951 | 43291 |
| 34 | पश्चिम बंगाल | 940085 | 86247 |
| **कुल** | | **8617887** | **6886532** |

*****